पर्यटन स्थल के रूप में मुजफ्फरपुर का ऐतिहासकि चामुंडा स्थान

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार स्टेट टूरज्मि डेवलपमेंट कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक कँवल तनुज ने मुजफ्फरपुर ज़िले के डीएम प्रणव कुमार को कटरा स्थति चामुंडा मंदरि को पर्यटन स्थल के रूप में विभाग द्वारा विकसति करने हेतु पत्र भेजा है।

प्रमुख बिंदु

- प्रबंध निदेशक कँवल तनुज ने बताया कि पर्यटकीय संरचनाओं के निर्माण को लेकर इसकी ज़मीन पर्यटन विभाग को हस्तांतरति की जाएगी। इसमें ज़मीन हस्तांतरण के अलावा अतिक्रमण, स्वामित्व आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है।
- विदिति है कि देश के ऐतिहासकि महत्त्व के धार्मकि एवं तीर्थस्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसति करने की योजना में देश के कुल 70 तीर्थस्थलों को शामलि किया गया है।
- इनमें बिहार के चार मंदिरों में चामुंडा मंदरि भी शामलि है। केंद्र सरकार की तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मकि संवर्धन ड्राइव (प्रसाद) योजना से इन्हें विकसति किया जाना है।
- उल्लेखनीय है कि पर्यटन बढ़ाने के लिये केंद्र सरकार ने प्रसाद योजना शुरू की है। इससे रोज़गार सृजन होने के साथ क्षेत्र का आर्थकि विकास भी होगा।
- ध्यातव्य है कि कटरा प्रखंड मुख्यालय से महज 100 गज की दूरी पर चामुंडा स्थान है। लगभग 80 एकड़ भूमि में फैला यह भूभाग कटरा गढ़ कहलाता है। इसके पश्चमोत्तर भाग में एक टीले पर माँ चामुंडा का भव्य मंदरि है। देवी का स्वरूप पिंडिनुमा है। मंदरि की देखभाल न्यास बोर्ड द्वारा नियुक्त कमेटी करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/historical-chamunda-place-of-muzaffarpur-as-a-tourist-destination